पंजाब केसरी
3-10-2024

स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित एन.सी.सी. के विद्यार्थी। (देवदत्त)

गांधी जयंती पर एन.सी.सी. कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

अम्बाला, 2 अक्तूबर (बलराम): वन एचआर हरियाणा गर्ल्स बटालियन के आदेशानुसार चल रहे स्वच्छता अभियान के के तहत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने कॉलेज परिसर में बुधवार को गांधी जयंती के दिन स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कैडेट्स को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया और स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। कॉलेज परिसर के हर्बल गार्डन को स्वच्छ करने का निर्देश दिया।

सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने इस अभियान के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य परिसर के भीतर एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ वातावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कैडेट्स को खाद तैयार करने के लिए जैविक कचरे का उपयोग करने की भी सलाह दी, ताकि कचरे से धन के दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कैडेट्स द्वारा समुदाय और राष्ट्र की बेहतरी के लिए स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की भावना पैदा करने और व्यवहार में बदलाव लाने का संकल्प लिया। करीब 39 कैडेट्स ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई।

इस श्रृंखला के आखिरी चरण के रूप में वीरवार को एक पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सभी कैडेट्स स्वच्छ वातावरण के लिए जहां एक ओर पौधारोपण करेंगे। वहीं दूसरी ओर वे स्वच्छता की शपथ भी लेंगे।